**हनी ट्रैप मामला** — कोयलांचल में लंबे समय से कोयला कर्मियों को फंसाने का कथित धंधा, खाकी की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

# देह व्यापार का बढ़ता नेटवर्क, पुलिस के लिए चुनौती

**हनी ट्रैप मामले में पकड़े आरोपियों की पुलिस के साथ उठक-बैठक बनी चर्चा का विषय**



नवभारत न्यूज

**परासिया, 11 अगस्त, कोयलांचल क्षेत्र में देह व्यापार और कथित हनी ट्रैप के बढ़ते नेटवर्क को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि लंबे समय से एक संगठित गिरोह कोयला कर्मियों सहित अन्य लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे रुपए ऐंठने का काम कर रहा है। मामले में कुछ प्रभावशाली लोगों की भूमिका को लेकर भी क्षेत्र में चर्चाएं हैं। वहीं, इस कथित नेटवर्क से जुड़े लोगों की पुलिस से नजदीकी को लेकर उठ रहे सवालों ने मामले को और गंभीर बना दिया है।**

जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में बीते दिनों देहात थाना क्षेत्र की पुलिस ने कथित हनी ट्रैप मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों सहित कुछ महिलाओं को पकड़कर कार्रवाई की थी। पुलिस कार्रवाई के बाद मामला सामने आया, लेकिन इसके बाद पकड़े गए आरोपियों की पुलिस के साथ कथित उठक-बैठक को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

### पुलिस के साथ लगातार संपर्क क्यों?

मामले में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि जिन लोगों को कथित हनी ट्रैप प्रकरण में पुलिस ने पकड़ा था, उनकी पुलिस के साथ पहले से नजदीकी होने की बातें सामने आ रही हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि पकड़े गए आरोपियों का चौकी और थाने में अक्सर आना-जाना रहता था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि आरोपी कथित रूप से लोगों को फंसाकर उनसे रुपए ऐंठने वाले गिरोह का हिस्सा थे, तो उनका पुलिस से लगातार संपर्क किस वजह से था? हालांकि, पुलिस और आरोपियों के बीच संपर्क के संबंध में सामने आ रही चर्चाओं की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। यही वजह है कि पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### नेटवर्क की तह तक पहुंचना जरूरी

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हनी ट्रैप या देह व्यापार की आड़ में लोगों से पैसे ऐंठने का संगठित खेल चल रहा है तो केवल कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी से मामला खत्म नहीं होना चाहिए। पुलिस को पूरे नेटवर्क की कड़ियों को खंगालना चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि इसके पीछे कौन लोग हैं, पीड़ितों से संपर्क कैसे किया जाता था, पैसों का लेन-देन किस माध्यम से होता था और इस नेटवर्क को किसी स्तर पर संरक्षण तो नहीं मिल रहा था। सबसे महत्वपूर्ण सवाल कथित रूप से पुलिस से आरोपियों की नजदीकी को लेकर है। यदि इस संबंध में कोई ठोस तथ्य सामने आते हैं तो इसकी भी निष्पक्ष जांच होना जरूरी है, ताकि पुलिस की कार्रवाई और उसकी विश्वसनीयता पर कोई सवाल न उठे।

# सड़क के लिए तरस रहा चौरासी गांव, बार-बार आश्वासन के बावजूद नहीं बनी पक्की सड़क

**बारिश में नाला बना मुसीबत, स्कूल जाने वाली छात्राओं को भी हो रही परेशानी; ग्रामीण बोले- 'सड़क नहीं बनी तो इस बार फिर करेंगे चुनाव का बहिष्कार'**



नवभारत न्यूज

**बटकाखापा, 11 अगस्त, ग्राम पंचायत बांका के अंतर्गत आने वाले चौरासी गांव के ग्रामीण आज भी एक अदद पक्की सड़क के लिए मोहताज हैं। गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार प्रशासन और अधिकारियों के दरवाजे खटखटा चुके हैं, लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से बार-बार आश्वासन तो मिला, लेकिन धरातल पर सड़क निर्माण का काम अब तक शुरू नहीं हुआ।**

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की बदहाल सड़क के कारण उन्हें रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में हालात बेहद खराब हो जाते हैं। रास्ते में पड़ने वाला नाला पानी से लबालब भर जाता है, जिससे ग्रामीणों के लिए गांव से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार पानी अधिक बढ़ जाने पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है।

**पहले भी कर चुके हैं चुनाव का बहिष्कार**

चौरासी गांव के ग्रामीण अपनी सड़क की मांग को लेकर पहले भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं। ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार की सूचना जैसे ही उच्च अधिकारियों तक पहुंची थी, आनन-फानन में अधिकारी और कई प्रत्याशी गांव पहुंचे थे। ग्रामीणों से बातचीत कर सड़क निर्माण सहित अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय दिए गए आश्वासनों से उन्हें उम्मीद जगी थी कि अब गांव की सड़क की समस्या दूर होगी, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद एक बार फिर उनकी समस्या को भुला दिया गया। आज तक गांव में पक्की सड़क नहीं बन पाई है।

### अधिकारियों के दरवाजे खटखटाए, लेकिन किसी ने नहीं ली सुध

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई। आवेदन दिए, अपनी परेशानी बताई और सड़क निर्माण की मांग रखी, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों का कहना है कि जब गांव के लोगों को पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ें, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

### स्कूल जाने वाली छात्राओं की बढ़ी परेशानी

चौरासी गांव से स्कूल जाने वाली छात्राओं को भी खराब रास्ते और नाले के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। छात्राओं का कहना है कि बारिश के दौरान नाले में पानी अधिक भर जाने से स्कूल आने-जाने में डर और परेशानी दोनों होती है। एक छात्रा ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा, साहब, हमें स्कूल आने में बहुत समस्या होती है। रास्ते के बीच में नाला है। बारिश में जब पानी ज्यादा बढ़ जाता है तो आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। हमारी मांग है कि यहां सड़क बनवाई जाए और नाले पर पुलिया का निर्माण कराया जाए।

**बारिश में स्थिति और भी गंभीर :** इन दिनों बारिश के चलते चौरासी गांव की स्थिति और भी खराब हो गई है। कच्चे और खराब रास्ते पर कीचड़ तथा पानी जमा होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों को जरूरी काम के लिए गांव से बाहर जाने में परेशानी हो रही है। वहीं स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन जाती है।

# पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का किया अनावरण

नवभारत न्यूज

**चौरई, 11 अगस्त, भाजपा पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम कुकरई में आदिवासी समाज द्वारा स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया । कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ संतराम सरयाम ने पूर्व विधायक श्री दुबे का आत्मीय स्वागत किया । इसके पश्चात पूर्व विधायक श्री दुबे ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया ।**

पूर्व विधायक श्री दुबे ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती अदम्य साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार आदिवासी समाज के सम्मान, संरक्षण एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है सरकार जनजातीय गौरव, संस्कृति और महापुरुषों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में सभापति महेंद्र वर्मा, वरिष्ठ नेता कृष्णपाल गुड्डू पटेल, प्रेम पटेल समेत बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु मातृशक्ति मौजूद रहे ।

# विकासखंड स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**परासिया, 11 अगस्त, स्कूल शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2026 के अनुसार हनुमान व्यायाम शाला, चांदामेटा में विकासखंड स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल वाल्मीकि रहे। इस अवसर पर राकेश शर्मा एवं शाकिर खान सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमोह, एकलव्य विद्यालय परासिया, विजडम पब्लिक स्कूल परासिया, मॉडल स्कूल परासिया, कन्या विद्यालय मोरडोंगरी, कुंडाली कला तथा संत चावरा विद्यालय चांदामेटा सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के संयोजक प्राचार्य प्रवीण राजपूत एवं सह-प्राचार्य स्वाति राजपूत रहे। निर्णायक की भूमिका ब्लॉक समन्वयक कलसराम मरसकोले, काशिम खान एवं वर्षा आहिरवार ने निभाई। कार्यक्रम का मंच



संचालन एवं आभार प्रदर्शन फिरोज खान द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कुश्ती के विभिन्न मुकाबलों में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

# सावन शिवरात्रि पर मां खेड़ापति दरबार में हुआ भगवान शिव का महाभिषेक



नवभारत न्यूज

**बटकाखापा, 11 अगस्त, सावन शिवरात्रि के पावन अवसर पर बटकाखापा स्थित मां खेड़ापति के दरबार में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भक्तों द्वारा भगवान शिव का विधि-विधान से महाभिषेक किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का पूजन-अर्चन एवं विशेष अभिषेक किया। भक्तों ने क्षेत्र और गांव में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान शिव की भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के दौरान पूरा परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा मिट्टी से निर्मित शिवलिंग का विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। पूरे कार्यक्रम में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सावन शिवरात्रि के इस धार्मिक आयोजन ने गांव एवं क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का वातावरण बना दिया।

# औचक निरीक्षण में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष, 30 जरूरतमंद बच्चों को गणवेश देने की घोषणा

**मध्यान्ह भोजन, उपस्थिति रजिस्टर और शिक्षण व्यवस्था की जांच कर दिए आवश्यक निर्देश**

नवभारत न्यूज

**परासिया, 11 अगस्त, नगर पालिका परिषद परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने मंगलवार को निकाय द्वारा संचालित रानी दुर्गावती प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, उपस्थिति रजिस्टर, मध्यान्ह भोजन सहित विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। बच्चों से चर्चा के दौरान कुछ विद्यार्थी स्कूल गणवेश में नहीं मिले। पूछताछ करने पर विद्यार्थियों ने बताया



कि उनके पास गणवेश उपलब्ध नहीं है। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने करीब 30 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल गणवेश उपलब्ध कराने की घोषणा की।अध्यक्ष ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की और स्कूल स्टाफ को प्रतिदिन बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करने और विद्यार्थियों की पढ़ाई के स्तर में सुधार के साथ उनकी उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही विद्यालय प्रबंधन को बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया। पेयजल समस्या को देखते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान विद्यालय एवं आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# करंज-नीम के पौधे लगाकर एनसीसी कैडेट्स ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 11 अगस्त, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण को लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरानाला के एनसीसी कैडेट्स द्वारा लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 24 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी पीके वेलु के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने उमरानाला नगर में पौधरोपण अभियान चलाया।**

अभियान के दौरान नगर के विभिन्न मार्गों के समीप नीम और करंज के पौधे लगाए गए। इन पौधों को विद्यालय के प्राचार्य राजीव साठे द्वारा गर्मी के मौसम से ही तैयार किया गया था। पौधों को सुरक्षित स्थानों पर रोपित कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लिया गया। आने वाले समय में इन पौधों के पेड़ बनने पर राहगीरों को छांव मिलने के साथ नगर के पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा।

# आंदोलन नोटिस के अनुसार बीएमएस ने शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल




नवभारत न्यूज

**परासिया, 11 अगस्त, पेंच प्रबंधन द्वारा अपनाई जा रही अनुचित श्रम अभ्यास पद्धति, पेंच क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, कल्याणकारी एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों तथा विभिन्न स्तरों पर तय मामलों का क्रियान्वयन नहीं किए जाने के विरोध में बीएमएस का क्रमिक अनशन शुरू हो गया।**

आंदोलन के दूसरे चरण में मंगलवार, 11 अगस्त 2026 से महाप्रबंधक कार्यालय, पेंच क्षेत्र के समक्ष दोपहर 12 बजे से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गई। भूख हड़ताल के प्रथम दिन छिंदा-सेठिया ओसीएम के कामगार सुदीप वर्मा एवं सिद्धार्थ ढेकरिया को कोयला खान सुरक्षा बोर्ड सदस्य एवं पेंच-कन्हान के अध्यक्ष कुंवर सिंह, अध्यक्ष मोहित नामदेव, संयुक्त महामंत्री संजय बावारिया तथा कार्यसमिति सदस्य सरबजीत सिंह ने तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठाया। इस अवसर पर माथनी माइन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, न्यू सेठिया छिंदा के अध्यक्ष लल्लन यादव, चांदामेटा वर्कशॉप के अध्यक्ष सतीश शिव, नवीन पवार, सुरेश निर्मल, दीपेश नागले, अवधेश शर्मा सहित केंद्रीय एवं शाखा पदाधिकारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

नवभारत न्यूज

**सिंगोड़ी, 11 अगस्त, मंगलवार करीब पांच बजे नरसिंहपुर नेशनल हाईवे के भैया जी ढाबे के पास भीषण सड़क हादसा, कार सवार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित चंद्रवंशी उम्र 25 वर्ष खकरा चौरई किसी काम से अमरवाड़ा की तरफ जा रहा था भैया जी ढाबा के पास अंधा मोड़ में अमरवाड़ा की तरफ से आ रही कार क्रमांक ख्क्28ं्ह3009 ने अमित को सामने से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना स्थल पर राहगीरों ने एंबुलेंस को




कॉल किया पर वह काफी देर तक नहीं पहुंची, परिजनों के आने के बाद घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वही सूचना पाकर सिंगोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 12 अगस्त को अमरवाड़ा में निकलेगी विशाल तिरंगा रैली, विधायक होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 11 अगस्त, नगर की जनपद पंचायत सभागृह में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है जानकारी के अनुसार बैठक का आयोजन सोमवार को शाम 5 बजे किया गया।**

जिसमें अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकड़े जनपद पंचायत अध्यक्ष गणेश कंगाली वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम चंद्रवंशी भाजपा जिला मंत्री दीपक नेमा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई है जिसमें




सबके सुझाव लिए निर्णय लिया गया है कि 12 अगस्त को अमरवाड़ा के स्टेडियम ग्राउंड से विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी जिसमें विधायक कमलेश प्रताप सब शामिल होंगे वही सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है वहीं जय स्तंभ चौक पर रैली का समापन किया जाएगा और सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारियां दी गई हैं। बैठक में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सीईओ जयदेव शर्मा, शैलेंद्र पटेल, सचिन गोल्डी नेमा, विनोद चंद्रवंशी, अंकुर जैन सीएमओ रामनारायण नामदेव बीएमओ डॉक्टर करुष ठाकुर, बी आर सी विनोद वर्मा, परियोजना अधिकारी करुणासाहू, सुभाष साहू के साथ सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# नागदेव में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**ढाई हजार महुला लाहन नष्ट कर जब्त की पांच लीटर कच्ची शराब**

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 11 अगस्त, आबकारी विभाग के अमले ने नागद्वारी यात्रा के मद्देनजर सघन जांच अभियान छेड़ा। इस दौरान पहली पायरी कहे जाने वाले नागदेव में दुकानों की तलाशी ली गई। साथ ही नागद्वारी यात्रियों को शराब का सेवन न करने की भी अपील की गई।**

इस दौरान लगभग ढाई हज़ार किलो महुआ लाहन और पाँच लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद हुई।यह कार्यवाही दमुआ और जामई वृत्त के संयुक्त आबकारी अमले ने की। नागद्वारी यात्रा के दौरान शराब के नशे में यात्रा करने की शिकायत मिल रहीं थीं। कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश और सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी के संयुक्त अमले ने नागदेव पहुंच तलाशी और रोको टोको अभियान छेड़ा। इसके बाद मेंहदावीर के एक घर से पाँच लीटर शराब जप्त कर प्रकरण कायम किया गया। घोड़वाड़ी खुर्द की पहाड़ी के पीछे बने तालाब के पास बने अड्डे से सिंटेक्स की टंकियों और ड्रम में लाहन रखा मिला। यहाँ से लगभग ढाई हज़ार किलो लाहन जप्त कर अज्ञात के ख़िलाफ़ मामला कायम किया गया।


**कार्यक्रम** — बूथ प्रबंधन से लेकर संगठन की मजबूती तक दिए गए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण

# संगठन सृजन प्रशिक्षण में कांग्रेस पदाधिकारियों ने लिया हिस्सा

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 11 अगस्त, शहर के अग्रवाल पैलेस में संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत छिंदवाड़ा-पांढुर्णा जिले के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मोहखेड़ ब्लॉक के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करना रहा।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा कांग्रेस संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी के इतिहास, बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।



पदाधिकारियों को बताया गया कि मजबूत संगठन के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आम लोगों से निरंतर संपर्क बेहद महत्वपूर्ण है।

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

प्रशिक्षण में विशेष रूप से बूथ प्रबंधन को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम को सक्रिय रखने, मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने, संगठन की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने तथा स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं को उठाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही पदाधिकारियों से संगठनात्मक जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाते हुए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही गई।प्रशिक्षकों ने कांग्रेस के इतिहास और संगठन की विचारधारा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि मजबूत संगठन के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से पदाधिकारियों को संगठन की गतिविधियों को गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

**मोहखेड़ के पदाधिकारियों की रही सहभागिता :** कार्यक्रम में मोहखेड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर मोहने, मंडलम अध्यक्ष मनोज सिन्हा, मनोज कड़वे, गुलाब चौधरी, सूरज सोनघरे, महेश बनवारी, पूनाराम चौरिया, राजू सोनी, अशोक फरकारे, अनिरुद्ध टेकले, शैलेश भादे एवं चक्रधर घोगरे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार जुन्नारदेव जिला छिन्दवाडा**

एतद् द्वारा आम जनता हो सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 357/अ-6/2026-27 ग्राम तराकढाना मे स्थित भूमि खसरा नंबर 541 रकबा 0.809 हे0 भूमि पर मृतक भूमिस्वामी बतिया बाई जावरे पति बंशीलाल के द्वारा की गई वसीयत के आधार पर आवेदकगण अविनाश जावरे, अंकुश एवं प्रशांत जावरे पुत्रगण लक्ष्मण जावरे जाति कतिया के पक्ष मे नामातंरण किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उक्त आवेदित भूमि पर आवेदकगणों के पक्ष में वसीयत के आधार पर नामातंरण किये जाने पर किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय की नियत पेशी दिनांक 18/08/2026 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। समय-सीमा प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

जारी दिनांक 11/08/2026

तहसीलादर
जुन्नारदेव